Chandigarh Tribune, P. 3. Date 4.11.17

# Degrees conferred on 1,731 students

PATIALA, NOVEMBER 3

The 31st convocation of Thapar University, Patiala, was held here today. A total of 1,731 students received degrees, including 73 PhD degrees, 693 master of engineering, sciences, humanities and management and 961 bachelor of engineering.

Prof Joseph Klafter, President, Tel Aviv University, was the chief guest on the occasion. Dr G Viswanathan, founder and Chancellor of the VIT University, Vellore, was the guest of honour. Thapar University President Gautam Thapar presided over the function and awarded medals.

Gautam said the partnership with Trinity College Dublin and Tel Aviv University was part of the university's vision to be transformative both nationally and globally and continue at the forefront of technology, scientific development and education.

The proud award winners included Divanshu Kapila, who received the President's Medal for securing the highest CGPA, Celeste Goel won the S Ranbir Singh Memorial Medal for best all-round performance, Shreya was awarded the Prof V Rajaraman Computer Science Engineering Award, and Naman Garg was awarded the S Ram S Sidhu Memorial Medal.

Meanwhile, Thapar University has signed a comprehensive institutional agreement with Tel Aviv University Israel. The MoU includes research, teaching and student exchange programme. Tel Aviv University is consistently ranked in the top 20 universities in the world in terms of scientific citations and among the top 100 universities internationally. — TNS

दैनिक भास्कर, पटियाला; P. 3, 4/11/17

कनवोकेशन थापर यूनिवर्सिटी में समारोह के दौरान 31वें दीक्षांत समारोह में 1731 को दी डिग्रियां

# दिव्यांशु कपिला को प्रेसीडेंट्स मेडल मिला

भास्कर संवाददाता| पटियाला

थापर यूनिवर्सिटी के 31वें कनवोकेशन में शुक्रवार को 1731 स्टूडेंट्स को डिग्रियां दी गईं। इनमें 73 पीएचडी, 693 को इंजीनियरिंग, विज्ञान, ह्यूमैनिटीज और प्रबंधन में मास्टर्स डिग्री, 961 को इंजीनियरिंग की बैचलर डिग्री दी गई। तेल अवीव यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रो. जोसेफ क्लाफ्टर मुख्यातिथि थे। डॉ. जी विश्वनाथन, संस्थापक एवं चांसलर, वीआईटी यूनिवर्सिटी, वेल्लोर दीक्षांत समारोह के गेस्ट ऑफ ऑनर थे। श्री गौतम थापर, प्रेसिडेंट, थापर यूनिवर्सिटी ने समारोह की अध्यक्षता की।

अवॉर्ड विजेताओं में दिव्यांशु कपिला शामिल हैं। उनको सर्वाधिक



थापर यूनिवर्सिटी में डिग्री मिलने पर खुशी का इजहार करते स्टूडेंट्स।

सीजीपीए प्राप्त करने के लिए प्रेसीडेंट्स मेडल दिया गया। सेलेस्टे गोयल ने सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड प्रदर्शन के लिए एस. रणबीर सिंह मेमोरियल पदक जीता। श्रेया को प्रो. वी. राजारमन कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग पुरस्कार दिया गया। नमन गर्ग को एसराम एस सिद्धू मेमोरियल मेडल दिया गया। यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर प्रो. प्रकाश गोपालन ने कहा कि यह हमारे लिए बेहद गर्व की बात है कि हमारी यूनिवर्सिटी को नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ-2017) ने 26वें स्थान पर आंका है। यूनिवर्सिटी को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 210वां स्थान मिला है। एक्रीडिएशन बोर्ड फॉर इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी (एबीईटी) यूएसए ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और सिविल इंजीनियरिंग में बीई प्रोग्राम्स को मान्यता प्रदान की है। थापर यूनिवर्सिटी ने डिस्टिंगुएशड एल्यूमनस अवॉर्ड दिया गया। इस बार यह पुरस्कार अश्विनी कुमार कपूर, पूर्व मेंबर रेलवे बोर्ड, कमोडोर राकेश आनंद और राजेश उप्पल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आईटी को दिया गया।

ਅਜੀਤ, P. 13. 5.11.17

# ਥਾਪਰ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਵਲੋਂ ਤਲ-ਅਵੀਵ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਨਾਲ ਕਰਾਰ

ਪਟਿਆਲਾ, 3 ਨਵੰਬਰ (ਅ. ਬ.)- ਥਾਪਰ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਪਟਿਆਲਾ ਨੇ ਅੱਜ ਤਲ-ਅਵੀਵ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਇਜ਼ਰਾਈਲ (ਟੀ.ਏ.ਯੂ.) ਨਾਲ ਇਕ ਵਿਆਪਕ ਸੰਸਥਾਗਤ ਕਰਾਰ 'ਤੇ ਦਸਤਖ਼ਤ ਕੀਤੇ ਹਨ। ਸਮਝੌਤੇ (ਐੱਮ.ਓ.ਯੂ.) ਖੋਜ, ਸਿੱਖਿਆ ਅਤੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਦਾ ਅਦਾਨ-ਪ੍ਰਦਾਨ ਸ਼ਾਮਿਲ ਹੈ। ਤਲ-ਅਵੀਵ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਨੂੰ ਵਿਗਿਆਨਿਕ ਖੋਜਾਂ ਦੇ ਮਾਮਲੇ 'ਚ ਦੁਨੀਆ 'ਚ ਉੱਚ 20 ਵਿਚੋਂ ਲਗਾਤਾਰ ਸਥਾਨ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਅੰਤਰਰਾਸ਼ਟਰੀ ਪੱਧਰ 'ਤੇ ਸਰਬੋਤਮ 100 ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀਆਂ ਵਿਚੋਂ ਇਕ ਹੈ। 'ਦ ਟਾਈਮਜ਼ ਹਾਇਰ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ (ਟੀ.ਐੱਚ.ਈ.) ਦੀ ਵਿਸ਼ਵ ਦੀ ਸਰਬੋਤਮ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਦਰਜਾਬੰਦੀ 'ਚ ਥਾਪਰ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਨੂੰ ਵਿਸ਼ਵ ਪੱਧਰੀ ਸਥਾਨ ਹਾਸਲ ਹੈ। ਕਰਾਰ 'ਤੇ ਦਸਤਖ਼ਤ ਕਰਨ 'ਤੇ ਤਲ-ਅਵੀਵ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਦੇ ਪ੍ਰੈਜ਼ੀਡੈਂਟ ਪ੍ਰੋਫੈਸਰ ਜੋਸਫ਼



ਥਾਪਰ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਦੇ ਚੇਅਰਮੈਨ ਗੌਤਮ ਥਾਪਰ ਅਤੇ ਤਲ-ਅਵੀਵ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਦੇ ਪ੍ਰੈਜ਼ੀਡੈਂਟ ਪ੍ਰੋਫੈਸਰ ਜੋਸਫ਼ ਕਲਾਪਟਰ ਕਰਾਰ 'ਤੇ ਦਸਤਖ਼ਤ ਕਰਦੇ ਹੋਏ। ਅਜੀਤ ਤਸਵੀਰ

ਕਲਾਪਟਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਥਾਪਰ ਵਾਂਗ ਅਸੀਂ ਇੰਜੀਨੀਅਰਿੰਗ ਅਤੇ ਪ੍ਰਬੰਧਨ 'ਚ ਮਜ਼ਬੂਤ ਹਾਂ ਅਤੇ ਵਿਗਿਆਨ, ਮਨੁੱਖੀ ਅਤੇ ਕਲਾਵਾਂ 'ਚ ਵਿਭਾਗਾਂ ਦਾ ਪ੍ਰਤੀਬਿੰਬ ਹੈ। ਥਾਪਰ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਦੇ ਚੇਅਰਮੈਨ ਗੌਤਮ ਥਾਪਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਅੰਤਰਰਾਸ਼ਟਰੀ ਸਾਂਝੇਦਾਰੀ ਥਾਪਰ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਦੀ ਗੁਣਵੱਤਾ ਨੂੰ ਵਧਾਉਂਦੀ ਹੈ। ਅਜਿਹੀ ਸਹਿਯੋਗੀ ਭਾਈਵਾਲੀ ਭਵਿੱਖ ਦੇ ਨੇਤਾ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਦੁਨੀਆ ਦੀਆਂ ਚੁਣੌਤੀਆਂ ਦਾ ਸਾਹਮਣਾ ਕਰਨ ਦੇ ਸਮਰੱਥ ਬਣਾਉਣੀ ਹੈ। ਮੈਨੂੰ ਖ਼ੁਸ਼ੀ ਹੈ ਕਿ ਤਲ ਅਵੀਵ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਅਤੇ ਥਾਪਰ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਇਕੱਠੇ ਹੋਏ ਹਨ।

DANIK BHASKAR

5 NOV 2017

P-3

# मिलकर रिसर्च करेंगे टीयू और तेल अवीव यूनिवर्सिटी

## स्टूडेंट्स को सेमेस्टर एक्सचेंज करने के मिलेंगे मौके

भास्कर संवाददाता | पटियाला

थापर विश्वविद्यालय (टीयू ) ने तेल अवीव यूनिवर्सिटी इजरायल (टीएयू) के साथ संस्थागत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसमें एमओयू में अनुसंधान, शिक्षण और छात्र विनिमय शामिल हैं। इंजीनियरिंग और जीव विज्ञान में क्रेडिट ट्रांसफर के कार्यक्रम, टीएयू के समर प्रोग्राम्स, डाक्टरेट फैलोशिप और सेमेस्टर एक्सचेंज का फायदा थापर यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को मिलेगा। दोनों यूनिवर्सिटी मिलकर करेगी। करार पर हस्ताक्षर करने के बाद टीएयू के प्रेसीडेंट प्रो. जोसफ क्लाप्टर ने बताया कि थापर यूनिवर्सिटी की तरह, हम इंजीनियरिंग और प्रबंधन में मजबूत हैं। विज्ञान, मानविकी और कलाओं में भी विभागों का विस्तृत स्कोप है। टीयू के अध्यक्ष गौतम थापर ने कहा कि सामरिक अंतरराष्ट्रीय भागीदारी थापर विश्वविद्यालय की गुणवत्ता और पहुंच को बढ़ाती है। तेल अवीव यूनिवर्सिटी से यहां के छात्रों को फायदा होगा।

PUNJAB KESARI
5 NOV 2017 P-3

# थापर यूनिवर्सिटी ने तेल अवीव यूनिवर्सिटी के साथ किया करार

पटियाला, 4 नवम्बर (राजेश) : थापर यूनिवर्सिटी पटियाला ने आज तेल अवीव यूनिवर्सिटी इसराईल (टी.ए.यू.) के साथ एक व्यापक संस्थागत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। तेल अवीव यूनिवर्सिटी को वैज्ञानिक उदाहरणों के मामलों में दुनिया में चोटी के 20 यूनिवर्सिटी में लगातार स्थान दिया गया है। विश्वविद्यालय रैंकिंग में थापर विश्वविद्यालय को विश्व में मान हासिल है। दोनों विश्वविद्यालय शिक्षा में सहयोग के लिए एक प्रोग्राम स्थापित करने के लिए सहमत हैं।

संस्थाओं के वित्तीय पोषण के लिए भी संयुक्त प्रस्ताव पारित होंगे।



*तेल अवीव यूनिवर्सिटी इसराईल (टी.ए.यू.) के साथ एक व्यापक संस्थागत समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने का दृश्य।* (सुंदर)

समझौते पर हस्ताक्षर करने पर प्रोफैसर जोसफ कलापटर प्रैजीडैंट टी.ए.यू. ने कहा कि थापर यूनिवर्सिटी की तरह हम इंजीनियरिंग और प्रबंधन में मजबूत हैं।

AMAR UJALA

5 NOV 2011 P-7

# थापर यूनिवर्सिटी ने तेल अवीव से किया करार

पटियाला। थापर यूनिवर्सिटी ने तेल अवीव यूनिवर्सिटी इस्राइल (टीएयू) के साथ एक व्यापक संस्थागत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू में अनुसंधान, शिक्षण और छात्र विनिमय शामिल हैं। दोनों विश्वविद्यालय शैक्षणिक सहयोग के लिए एक कार्यक्रम स्थापित करने के लिए सहमत हैं। छात्रों के परिप्रेक्ष्य से यह समझौता इंजीनियरिंग और जीव विज्ञान में क्रेडिट हस्तांतरण-कार्यक्रमों के लाभ, टीएयू के समर प्रोग्राम, डाक्टरेट फेलोशिप और सेमेस्टर एक्सचेंज के अवसरों में भागीदारी में फायदेमंद होगा। विश्वविद्यालय शोध में मिलकर काम करेंगे। संस्थाओं और संस्थानों के वित्तीय पोषण के लिए भी संयुक्त प्रस्ताव होंगे। समझौते पर हस्ताक्षर करने पर प्रोफेसर जोजेफ क्लाप्टर, प्रेसीडेंट टीएयू ने कहा कि थापर की तरह हम इंजीनियरिंग और प्रबंधन में मजबूत हैं। थापर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष गौतम थापर ने कहा कि सामरिक अंतरराष्ट्रीय भागीदारी थापर विश्वविद्यालय की गुणवत्ता को बढ़ाती है। ब्यूरो

THE TIMES OF INDIA
05 NOV 2017 P-3

# Thapar ties up with Tel Aviv varsity

TIMES NEWS NETWORK

**Patiala:** Thapar University, Patiala has signed a comprehensive institutional agreement with Tel Aviv University Israel (TAU) today. The MoU includes research, teaching and student exchange.

Tel Aviv University is consistently ranked among the top 20 uniersities in the world in terms of scientific citations and is among the top 100 universities internationally. Thapar University is globally ranked as the world's best university ranking, The Times Higher Education (THE) World University Ranking.

PATIALA

Both the universities agreed to establish a programme for academic cooperation. From the perspective of students, this agreement has brought the benefits of credit transfer programs in engineering and life sciences, participation in TAU's summer programmes, post-doctoral fellowships and semester exchange opportunities.

The universities will also work together in research. Joint proposals to funding bodies and institutions have also been envisaged. With over a hundred research centres, TAU "is defined by ground-breaking research, leading researchers and faculty, a strong interdisciplinary focus and the values of globalism, pluralism and social responsibility."

On signing the agreement, president of TAU Joseph Klafter said, "Like Thapar, we are strong in engineering and management, and also have a wide spectrum of departments across the sciences, humanities and arts." President of Thapar University Gautam Thapar emphasized, "Strategic international partnerships enhance the quality and reach of Thapar University. Such synergistic partnerships enable students, the leaders of tomorrow, to learn to face world challenges. I am pleased that TAU and Thapar University have come together."

PUNJAB KESARI
6 NOV 2017 P-1

# दीक्षांत समारोह में 1731 विद्यार्थियों के सपने साकार

पटियाला, 5 नवम्बर (राजेश) : थापर यूनिवर्सिटी, पटियाला के 31वें दीक्षांत समारोह में आज स्टूडैंट्स को 1731 डिग्रियां प्रदान की गईं। मुख्यातिथि प्रोफैसर जोसफ क्लाफ्टर प्रैसीडैंट तेल अवीव यूनिवर्सिटी थे।

डा. जी. विश्वनाथन, संस्थापक एवं चांसलर ए.वी.आई.टी. यूनिवर्सिटी वेल्लोर दीक्षांत समारोह के गैस्ट ऑफ ऑनर थे। उन्होंने कहा कि थापर यूनिवर्सिटी ने आपको अत्याधुनिक थिंकिंग टूल्स से युक्त किया है। कौशल और ज्ञान का ठोस आधार दिया गया है। इनोवेशन के लिए यह एक सर्वोत्तम शुरूआती बिंदु है। गौतम थापर प्रैसीडैंट, थापर यूनिवर्सिटी ने समारोह की अध्यक्षता की और स्टूडैंट्स को मैडल से सम्मानित किया।



*हवा में अपनी-अपनी डिग्रियां उछालते विद्यार्थी।* (सुखविंद्र)

61 वर्ष पुरानी थापर यूनिवर्सिटी प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन टी.एच.ई. द्वारा वैश्विक स्तर पर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2018 में शामिल की गई है। थापर यूनिवर्सिटी ने कई अन्य प्रतिष्ठित और वैश्विक रैंकिंग रखने वाले ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन और तेल अवीव यूनिवर्सिटी इसराईल से गहरी सांझेदारी की है।

गौतम थापर ने कहा कि ट्रिनिटी कालेज डबलिन और तेल अवीव यूनिवर्सिटी के साथ सहभागिता यूनिवर्सिटी के दृष्टिकोण का हिस्सा है। प्रो. प्रकाश गोपालन डायरैक्टर थापर यूनिवर्सिटी ने कहा कि यह हमारे लिए बेहद गर्व की बात है कि हमारी यूनिवर्सिटी नैशनल इंस्टीच्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क एन.आई.आर.एफ. 2017 द्वारा 26वें स्थान पर आंकी गई है। वहीं थापर यूनिवर्सिटी को क्यू.एस. वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 210वां स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि एक्रीडिएशन बोर्ड फॉर इंजीनियरिंग और टैक्नोलॉजी ए.बी.ई.टी. यू.एस.ए. ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा सिविल इंजीनियरिंग में बी.ई. प्रोग्राम को मान्यता प्रदान की है।

## इन पर है हमें नाज

गौरवपूर्ण अवार्ड विजेताओं में दिव्यांशु भी शामिल है जिन्होंने सर्वाधिक सी.जी.पी.ए. प्राप्त करने के लिए प्रैसीडैंट्स मैडल जीता। वहीं एस. गोयल ने सर्वश्रेष्ठ आल राऊंड प्रदर्शन के लिए एस. रणबीर सिंह मैमोरियल पदक जीता। श्रेया को प्रो. वी. राजारमन कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नमन गर्ग को एस. राम एस. सिद्धू मैमोरियल मैडल से सम्मानित किया गया। पूर्व छात्रों की सफलता के तौर पर एक विशेष पुरस्कार श्रेणी डिस्टिंगुइश्ड एल्यूमन्स अवार्ड भी प्रदान किए गए। इस वर्ष यह पुरस्कार अश्विनी कुमार कपूर पूर्व सदस्य रेलवे बोर्ड रेलवे मंत्रालय भारत सरकार, राकेश आनंद चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मझगांव डी.एस.लिमिटेड मुंबई और राजेश उप्पल एग्जीक्यूटिव डायरैक्टर इन्फार्मेशन टैक्नोलॉजी एजुकेशन एंड ट्रेनिंग मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड को प्रदान किया गया।